# रेतीली मिट्टी का टीला धंसा, युवक की दर्दनाक मौत

## गढ़वा थाना क्षेत्र के चितावलखुर्द की घटना, खुदाई के दौरान हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 जनवरी। गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम चितावलखुर्द में रविवार की अल सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। रेतीली मिट्टी का टीला अचानक धंस जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया।**

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम शिवपुरवा निवासी सुनील कुमार केवट उम्र 25 वर्ष पिता श्यामलाल केवट अपने साथियों के साथ गृह निर्माण कार्य के लिए गांव के समीप रेतीली मिट्टी की खुदाई कर रहा था।

इसी दौरान अचानक मिट्टी का टीला भरभराकर धंस गया। मलवे की चपेट में आने से सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी गढ़वा निरीक्षक विद्यावारिधी तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मलवे के नीचे दबे युवक को बाहर निकलवाकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी भिजवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### पान मसाला गोमटी में हजारों रूपये की चोरी



कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के चन्द कदम दूर अम्बेडकर चौक के समीप एक पानमसाला की गोमटी में बीती रात अज्ञात चोरों ने साईड का दरवाजा तोड़कर हजार रूपये की सामग्री उठा ले गये। जानकारी के अनुसार अम्बेडकर चौक बैढ़न के समीप सुशीला सोनी की पानमसाला दुकान का दरवाजा तोड़कर शनिवार एवं रविवार की मध्य रात अज्ञात चोरों ने करीब 10 हजार रूपये कीमत के पानमसाला की सामग्री पार कर दिया। जिसकी सूचना पीड़ित के द्वारा कोतवाली बैढ़न में दर्ज कराई गई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## गंगेव ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**गंगेव 11 जनवरी, गंगेव चौकी क्षेत्र अंतर्गत गंगेव ओवरब्रिज पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक को एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर दूर जा गिरा और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही हालत नाजुक हो गई।**



घटना की सूचना मिलते ही गंगेव चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगेव ले जाया गया, जहां रीवा रेफर कर दिया। मृतक की पहचान शैलेन्द्र तिवारी, निवासी घुचियारी, थाना गढ़ के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार शैलेन्द्र तिवारी गंगेव से अपने गांव घुचियारी लौट रहा था, तभी गंगेव ओवरब्रिज के पास अज्ञात फोर व्हीलर वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क से दूर जा गिरा और सिर में गंभीर चोट आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।



# खण्डेलवाल ज्वेलर्स में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 जनवरी, सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत खण्डेलवाल ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. पूरा परिवार जब प्रयागराज गंगा स्नान के लिये किया गया था. उसी समय घर में खुली दुकान में चोरो ने वारदात को अंजाम दिया था. आरोपियों से पुलिस ने चोरी गया माल बरामद कर लिया है.**

विनोद खंडेलवाल ने बताया कि करीबन शाम 07.30 बजे घर का दरवाजा खुला छोड कर बगल की दुकान मे आलू लेने चले गये थे. कुछ देर बाद घर वापस आने पर एक व्यक्ति मुंह बाधे घर के अंदर से निकलकर भागा. घर पर बनी ज्वेलर्स की दुकान को देखा तो उसमे रखे हुए चांदी के आभूषणो को मुहबाधे अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया है. जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही आरोपी राजेन्द्र सोनी एवं चिराग बाधवानी उर्फ चिंकू को अभिरक्षा मे लिया गया. पूंछताछ की गई जो दोनो संदेहियो ने बताया की घटना दिनांक को मुख्य आरोपी राजेन्द्र सोनी ने अपने साथी चिराग बाधवानी की स्कूटी से खण्डेलवाल ज्वेलर्स की रैकी की. प्रार्थी जैसे ही घर से सामान लेने निकला उसी समय मौका पाते ही मुख्य आरोपी राजेन्द्र सोनी मुंह बाधकर घर के अंदर बनी हुयी दुकान से चांदी के आभूषणो को चोरी कर अपने साथी चिराग बाधवानी की स्कूटी मे बैठकर फरार हो गए. दोनो आरोपी गणो के कब्जे से चोरी हुआ सम्पूर्ण चांदी के आभूषणो को बरामद किया गया. दोनो आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया.

### जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम व्यंकट-1 के मैदान में

सतना 11 जनवरी, जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 12 जनवरी को जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के पीछे मैदान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम प्रात: 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार मैहर जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सरस्वती विद्यालय मैहर में आयोजित किया जायेगा।

# बैढ़न के स्पा सेंटरों पर गंभीर आरोप, वायरल ऑडियो से मचा हड़कंप

## अवैध गतिविधियों का दावा, दलाल की भूमिका पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 जनवरी । जिले के बैढ़न शहर में तथाकथित स्पा सेंटर की आड़ में अवैध गतिविधियां संचालित होने के दावों से प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। इन दिनों एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कथित तौर पर कानून के उल्लंघन और पुलिस को मैनेज करने जैसी बातें कही जा रही हैं।**

वायरल सामग्री में एक दलाल की भूमिका को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं, हालांकि इन दावों की पुष्टि नवभारत नहीं करता।बताया जा रहा है कि बैढ़न सहित जिले के विभिन्न इलाकों में कई स्पा सेंटर संचालित हैं, जिनकी गतिविधियों को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। वायरल ऑडियो सामने आने के बाद आमजन में आक्रोश और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष एक स्पा सेंटर से जुड़ी गंभीर आपराधिक घटना भी सामने आ चुकी है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षित सख्ती नहीं दिखी। नागरिकों का कहना है कि वायरल ऑडियो ने उन आशंकाओं को और मजबूत किया है, जो लंबे समय से समाज में चर्चा का विषय रही हैं। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि सभी स्पा सेंटरों का लाइसेंस, स्टाफ सत्यापन और संचालन प्रक्रिया की तत्काल जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर यह संदेश दिया जाए कि शहर में कानून से ऊपर कोई नहीं।

### नागरिकों में रोष, बोले-खुली छूट क्यों ?

वायरल ऑडियो सामने आने के बाद बैढ़न शहर के नागरिकों में नाराजगी और चिंता साफ नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में कथित स्पा सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ी है, लेकिन उनकी गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी नहीं की जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्ती बरती जाती, तो हालात यहां तक नहीं पहुंचते। लोगों ने सवाल उठाया कि जब पहले भी एक स्पा सेंटर से जुड़ी गंभीर आपराधिक घटना सामने आ चुकी है, तब भी प्रशासन ने ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की।

# रमपुरवा में भूसा लोड पिकअप पलटी, हादसा टला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 जनवरी । गोरबी क्षेत्र के ग्राम रमपुरवा में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भूसा लोड एक बोलोरो पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। यह दुर्घटना रामपाल पटेल के घर के पास हुई, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन तेज गति में था और अचानक चालक का संतुलन बिगड़ने से पिकअप सड़क किनारे पलट गई। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई राहगीर मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिकअप चालक नशे की हालत में था, जिसके कारण वाहन पर से उसका नियंत्रण हट गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चालक को वाहन से बाहर निकाला। हादसे की जानकारी संबंधित पुलिस को दी गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा चालक के नशे में होने की पुष्टि के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# चाइनीज मांझे के उपयोग और बिक्री पर प्रतिबंध

## एसडीएम रघुराजनगर ने दिया आदेश

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, सतना जिला प्रशासन ने मकर संक्रांति पर्व पर सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।**

अनुविभागीय दण्डाधिकारी रघुराजनगर राहुल सिलाडिया ने चाइनीज मांझे के उपयोग और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में अनुभाग की सीमाओं के भीतर किसी भी व्यक्ति, व्यापारी या दुकानदार द्वारा चाइनीज मांझा जैसे नायलॉन, प्लास्टिक या सिंथेटिक सामग्री से बना और कांच, धातु चूर्ण लेपित धागा का भंडारण, क्रय-विक्रय और उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यह मांझा राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित होता है। साथ ही यह पर्यावरण के लिए हानिकारक है और निर्दोष पक्षियों व पशुओं की मृत्यु का कारण बनता है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस आदेश की सूचना जनसाधारण तक पहुँचाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा करने, मुनादी ढोल पिटवाने और सोशल मीडिया का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आदेश 11 जनवरी 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षित पतंगबाजी के लिए केवल सूती धागे (सादा मांझा) का ही उपयोग करें।

# कचनी मार्ग पर गैस पाइपलाइन बनी हादसों का न्योता

- प्रशासन की लापरवाही उजागर, दो माह से सड़क किनारे डिवाइडर से सटाकर रखी 400 मीटर लंबी पाइपलाइन



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 जनवरी । नगर पालिक निगम सिंगरौली की लापरवाही और संबंधित विभाग की उदासीनता के चलते सीधी-सिंगरौली मुख्य मार्ग के कचनी क्षेत्र में गैस पाइपलाइन अब हादसों को खुला निमंत्रण दे रही है।**

नेशनल धर्म कांटा के पास मुख्य सड़क पर लगभग 400 मीटर लंबी गैस पाइपलाइन बीते दो से तीन माह से सड़क के किनारे डिवाइडर से सटाकर रखी गई है। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय से पड़े इस जानलेवा अवरोध को हटाने या सुरक्षित करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि दिन के समय तो किसी तरह स्थिति संभल जाती है, लेकिन रात के अंधेरे में यह पाइपलाइन गंभीर खतरा बन जाती है। सड़क पर पर्याप्त संकेतक, रिफ्लेक्टर या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के चालक पाइपलाइन को समय रहते देख नहीं पाते। नतीजतन आए दिन दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और चारपहिया वाहन पाइप से टकराकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कई बार स्थानीय लोगों ने पाइपलाइन को लेकर निगम और संबंधित एजेंसी को शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा छोड़ दिया गया है और सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिया गया है।

यह स्थिति न सिर्फ यातायात व्यवस्था को बाधित कर रही है, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी लगातार बनी हुई है। यदि किसी भारी वाहन का संतुलन बिगड़ा या पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई, तो जान-माल के बड़े नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता। कचनी मार्ग सिंगरौली का प्रमुख और व्यस्त मार्ग माना जाता है। यहां से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं, जिनमें भारी ट्रक, बसें, चारपहिया और दोपहिया वाहन शामिल हैं। ऐसे मार्ग पर इस तरह की लापरवाही प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### जान खतरे में डालकर विकास कार्य

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक आमजन की जान को खतरे में डालकर विकास कार्य किए जाएंगे, क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा। जरूरत है कि तत्काल प्रभाव से इस पाइपलाइन को या तो सुरक्षित तरीके से जमीन में दबाया जाए या सड़क से हटाया जाए, साथ ही चेतावनी संकेतक लगाए जाएं। वरना कचनी मार्ग पर यह गैस पाइपलाइन किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल है ।

# राज्यमंत्री ने किया कृषक कल्याण वर्ष 2026 का सतना में शुभारंभ

- राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**सतना 11 जनवरी, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष घोषित करने के उपलक्ष्य में रविवार को सतना जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने मुख्य अतिथि के रूप में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, विकासखंडों और किसान समुदायों तक पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा। राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि को आधुनिक, तकनीकी एवं लाभकारी बनाने के लिए वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का मुख्य फोकस उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण पर रहेगा।

कृषि रथ समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम के साथ किसानों तक नई तकनीक, बेहतर बीज-खाद, बाजार जुड़ाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि हर किसान आत्मनिर्भर बने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। सतना जिले में कृषक कल्याण वर्ष के तहत किसान चैपाल, प्रशिक्षण शिविर, प्रदर्शनियां और योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह, सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी नगर निगम आयुक्त शैलेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय कृषकगण उपस्थित रहे।

# रेत के अवैध चोरी करते ट्रैक्टर धराया

- सोन नदी से अवैध रेत परिवहन करते युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 जनवरी । अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बगदरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत माफिया को दबोच लिया।**

पुलिस ने सोन नदी से अवैध रूप से रेत लोड कर परिवहन कर रहे आयसर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया है। जप्त वाहन व रेत की कुल कीमत करीब 4 लाख 3 हजार रुपये आंकी गई है। एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में थाना प्रभारी गढ़वा निरीक्षक विद्यावारिधी तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बगदरा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक बीपी कोल को 11 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर सोन नदी से अवैध रेत लेकर नैकहवा से बरगवां की ओर जा रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। जांच में चालक डब्लू बंशल उम्र 29 वर्ष निवासी क्योटली को अवैध रेत परिवहन करते पाया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना गढ़वा में धारा 303(2), 317(5) बीएनएस, 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम व वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में उनि बीपी कोल, सउनि परमहंस पाण्डेय, आर विश्वजीत यादव, भैयालाल यादव व कमलेश वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### कलेक्टर आज करेगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा, 11 जनवरी, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 12 जनवरी को टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेगी.** बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में धान उर्पाजन, खाद वितरण, ई-आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जायेगी. सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं.

### सांसद ने घायल को अस्पताल भेजा

क्षेत्र से लौटते समय जोगिनिहाई टोल प्लाजा से 2 किलोमीटर पहले अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हुए एक व्यक्ति को देखने पर सांसद जनार्दन मिश्र रुके एवं अपने गाड़ी में रखे फर्स्ट एड बॉक्स से प्राथमिक उपचार किया एवं तुरन्त एंबुलेंस बुलाकर घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा व पुलिस को सूचना दिए।

एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना,विश्वसनीय, निष्पक्ष नवभारत समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523

# सरकार किसानों की उन्नति और विकास के लिए संकल्पित : विश्वामित्र

## विधायक ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवभारत न्यूज

**देवसर 11 जनवरी । केंद्र एवं प्रदेश सरकार खेती को लाभ का धंधा बनाने, नवीन तकनीकों एवं आधुनिक पद्धतियों को अपनाकर कृषि कार्य को रोजगार मूलक बनाना चाहती है, जिससे किसानों की उन्नति एवं विकास संभव हो सके।**




उक्त आशय के विचार क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने कृषि रथ को रवाना करने के कार्यक्रम में व्यक्त किए। आज दिन रविवार को देवसर में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रह कर कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि यह कृषि रथ कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य विभाग की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, आधुनिक कृषि पद्धतियों, नवीन तकनीकों से किसानों में जन जागरूकता का प्रभावी माध्यम साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि किसान खेती के साथ-साथ डेयरी, मत्स्य पालन, उद्यानिकी के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण का भी कार्य करें, जिससे उनकी आर्थिक उन्नति हो सके।

इस अवसर पर राज कुमार दुबे वरिष्ठ भाजपा नेता, शिव शंकर बैस सरपंच, राजभान बैस एसएडीओ, डॉ. अनामिका विश्वकर्मा, डॉ. अंकिता मिश्रा, राकेश शुक्ला मत्स्य निरीक्षक, सरदार सिंह जामरा, राजेंद्र सोनी, संतोष द्विवेदी, अनुज सिंह, सर्वेश पाठक, प्रशांत शुक्ला, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान बंधु मौजूद रहे।

डॉ. अभिषेक मिश्रा
BDS. MDS, FRS
● ओरल मैक्सिलोफेसियल प्लास्टिक सर्जन
● फैलोशिप इन राइनोप्लास्टी
● गंभीर रूप से टूटे हुए जबड़े की हड्डी के विशेषज्ञ
समय: सुबह 10 से शायं 07 बजे तक
12000 से ज्यादा जबड़े की सर्जरी का अनुभव
मंगलवार-शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक
बिरला हॉस्पिटल, सतना
पता: ओरामैक्स दंत चिकित्सालय
चर्च के सामने, डॉ. दीपक अग्रवाल के बगल में बोदा बाग रोड, रीवा
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
मो. 8109642865

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99